# सैन्टर फॉर रिसर्च, डैवलपमैन्ट एण्ड कन्जर्वेशन ऑफ हिमालयन फॉरेस्ट्री रिसोर्सेस सोसाइटी हेतु संगम ज्ञापन

1. सोसाइटी का नाम **'सैन्टर फॉर रिसर्च, डैवलपमैन्ट एण्ड कन्जर्वेशन ऑफ हिमालयन फॉरेस्ट्री रिसोर्सेस'** है।

2. **सैन्टर फॉर रिसर्च, डैवलपमैन्ट एण्ड कन्जर्वेशन ऑफ हिमालयन फॉरेस्ट्री रिसोर्सेस** का पंजीकृत कार्यालय वन अनुसंधान वृत्त, वानिकी प्रशिक्षण संस्थान, रामपुर रोड, हल्द्वानी–263139 उत्तराखण्ड, भारत में स्थित होगा।

3. सोसाइटी का कार्यक्षेत्र उत्तराखण्ड राज्य होगा।

4. यह सोसाइटी अनुसंधान एवं परामर्श हेतु एक स्वायत्त निकाय/प्राधिकरण है जो हिमालयी क्षेत्र में जैव विविधता के शोध, विकास एवं अनुसंधान विशेषकर उत्तराखण्ड राज्य में वानिकी प्रजातियों के गुणवत्ता युक्त बीजों एवं क्लोनों के उत्पादन/संग्रह तथा आजीविका के मुद्दों के लिये समर्पित है।

5. सोसाइटी के उद्देश्य निम्न प्रकार हैं :–

(1) हिमालयी क्षेत्र में पायी जाने वाली दुर्लभ, लुप्तप्राय एवं संकटापन्न प्रजातियों के संरक्षण हेतु नीति निर्धारण में वन विभाग, उत्तराखण्ड को सलाह देना।

(2) वन विभाग, उत्तराखण्ड को हिमालयी क्षेत्र में पायी जाने वाली दुर्लभ, लुप्तप्राय एवं संकटापन्न प्रजातियों के अन्तः पारिस्थितिकीय संरक्षण तथा प्रवर्धन हेतु उपयुक्त तकनीक के विकास में सहायता करना।

(3) हिमालयी क्षेत्र एवं इसकी जैव विविधता में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के साथ ही विभिन्न प्रजातियों के प्रवासन पैटर्न एवं उनके कार्बन पृथक्करण क्षमता का आंकलन करना।

(4) हिमालयी क्षेत्र में औषधीय व सगंध पौधों, ईधन एवं चारा प्रजातियों तथा विभिन्न बांस प्रजातियों के साथ–साथ ऊर्जा बागानों से स्थानीय समुदाय की आजीविका के मुद्दों पर विभिन्न सामाजिक–आर्थिक अध्ययन करना।

(5) कृषि वानिकी प्रजातियों हेतु वन विभाग, उत्तराखण्ड को उच्च उत्पादक क्लोनों के विकास तथा इस क्षेत्र के लिये उपयुक्त कृषि वानिकी की नई प्रजातियों की खोज में सहायता करना।

(6) पड़ोसी हिमालयी राज्यों/देशों में पाये जाने वाली प्रजातियों को उत्तराखण्ड राज्य में प्रचलित करने हेतु वन विभाग को सलाह देना।

(7) प्राकृतिक संसाधनों के प्रबन्धन एवं वनों की धारणीय क्षमता का वैज्ञानिक अध्ययन करना।

(8) उत्तराखण्ड के वानिकी संसाधनों एवं सम्बन्धित मुद्दों पर एक विश्वसनीय डाटाबेस तैयार करना।

(9) वन विभाग, उत्तराखण्ड को वानिकी के सफल प्रयोगों तथा नर्सरी तकनीक के प्रचार एवं कार्यान्वयन में सहायता करना।

(10) वन विभाग, उत्तराखण्ड को अनुसंधान एवं विकास की गतिविधियों के लिये उपयुक्त आधारभूत संरचना के विकास में सहायता करना।

(11) विभिन्न प्रजातियों के उच्च गुणवत्तायुक्त बीजों की सूची तैयार करने में वन विभाग, उत्तराखण्ड को सहायता करना।

(12) अन्य राज्यों/देशों की शोध प्रथाओं के अध्ययन के आधार पर वन विभाग, उत्तराखण्ड को सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने हेतु सलाह देना।

(13) सोसाइटी के उद्देश्यों की पूर्ति के लिये संसाधनों को जुटाना।

(14) उपरोक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिये अन्य गतिविधियों को सम्पादित करना।

(15) उपरोक्त उद्देश्यों के लिये शोध पत्रों एवं पत्रिकाओं के प्रकाशन हेतु कार्य करना।

6. सोसाइटी की सामान्य सभा के सदस्यों, जिन्हे सोसाइटी के नियमों द्वारा सोसाइटी के कार्यों का प्रबन्धन सौंपा गया है, के नाम, पता एवं व्यवसाय इस प्रकार है :-

| क्र0सं0 | पद का नाम/पता | पद | व्यवसाय |
|---|---|---|---|
| 1– | प्रमुख सचिव, वन, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून | अध्यक्ष (पदेन) | राजकीय सेवा |
| 2– | प्रमुख वन संरक्षक (**HoFF**), उत्तराखण्ड, देहरादून | उपाध्यक्ष (पदेन) | राजकीय सेवा |
| 3– | अतिरिक्त प्रमुख वन संरक्षक, अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं प्रबन्धन, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी | सदस्य (पदेन) | राजकीय सेवा |
| 4– | प्रमुख वन संरक्षक, वन्य जीव, उत्तराखण्ड, देहरादून या उनके प्रतिनिधि | सदस्य (पदेन) | राजकीय सेवा |
| 5– | निदेशक, वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून या उनके प्रतिनिधि | सदस्य (पदेन) | राजकीय सेवा |
| 6– | उप कुलपति, जी0बी0 पन्त कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर या उनके प्रतिनिधि | सदस्य (पदेन) | विश्वविद्यालयी सेवा |
| 7– | अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जैव विविधता परिषद, देहरादून या उनके प्रतिनिधि | सदस्य (पदेन) | राजकीय सेवा |
| 8– | निदेशक, जी0बी0 पन्त इन्स्टीट्यूट ऑफ हिमालयन एन्वायरनमैन्ट एण्ड डैवलपमैन्ट, अल्मोड़ा या उनके प्रतिनिधि | सदस्य (पदेन) | विश्वविद्यालयी सेवा |
| 9– | निदेशक, उत्तराखण्ड वानिकी प्रशिक्षण अकादमी, हल्द्वानी | सदस्य (पदेन) | राजकीय सेवा |
| 10– | मुख्य वन संरक्षक, कार्य योजना, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी | सदस्य (पदेन) | राजकीय सेवा |
| 11– | निदेशक, भारतीय वन्य जीव संस्थान, देहरादून या उनके प्रतिनिधि | सदस्य (पदेन) | राजकीय सेवा |
| 12– | वन संरक्षक, अनुसंधान वृत्त, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी | सचिव (पदेन) | राजकीय सेवा |
| 13– | वन वर्धनिक, पर्वतीय क्षेत्र, नैनीताल | सदस्य (पदेन) | राजकीय सेवा |
| 14– | वन वर्धनिक, साल क्षेत्र, हल्द्वानी | सदस्य (पदेन) | राजकीय सेवा |

7. हम, विभिन्न व्यक्ति जिनके नाम, पते तथा विवरण नीचे दिये गये हैं, सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1860 (अधिनियम संख्या 21, वर्ष 1860) के अधीन संगम ज्ञापन में उल्लिखित उद्देश्यों के लिये स्वयं को सम्बद्ध करते हुये एक सोसाइटी गठित करने के इच्छुक हैं।

| क्र0सं0 | नाम | व्यवसाय एवं पता | सदस्य के हस्ताक्षर | गवाह के हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विनीत कुमार पांगती | अतिरिक्त प्रमुख वन संरक्षक अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं प्रबन्धन उत्तराखण्ड, हल्द्वानी। | अपर प्रमुख वन संरक्षक वन अनुसंधान प्रबन्धन एवं प्रशिक्षण उत्तराखण्ड हल्द्वानी | (आर. सी. कांडपाल) सहायक वन वर्धनिक साल क्षेत्र, उत्तराखण्ड हल्द्वानी |
| 2 | संजीव चतुर्वेदी | वन संरक्षक, अनुसंधान वृत्त उत्तराखण्ड, हल्द्वानी। | वन संरक्षक, अनुसंधान वृत्त, उत्तराखण्ड हल्द्वानी | (आर. सी. कांडपाल) सहायक वन वर्धनिक साल क्षेत्र, उत्तराखण्ड हल्द्वानी |
| 3 | जीवन चन्द्र जोशी | वन वर्धनिक साल क्षेत्र उत्तराखण्ड, हल्द्वानी। | वन वर्धनिक साल क्षेत्र, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी | (आर. सी. कांडपाल) सहायक वन वर्धनिक साल क्षेत्र, उत्तराखण्ड हल्द्वानी |

दिनांक :

स्थान : हल्द्वानी

# MEMORANDUM OF ASSOCIATION FOR THE SOCIETY "CENTRE FOR RESEARCH, DEVELOPMENT AND CONSERVATION OF HIMALAYAN FORESTRY RESOURCES"

1. The name of the Society is **Centre for Research, Development and Conservation of Himalayan Forestry Resources.**

2. The registered office of the Society **Centre for Research, Development and Conservation of Himalayan Forestry Resources** shall be situated at Research Circle, Forest Training Institute, Rampur Road, Haldwani-263139, Uttarakhand, India.

3. The area of operation of the Society shall be the state of Uttarakhand.

4. The Centre is an autonomous body/authority for research cum consultancy devoted to the research development and conservation of biodiversity in Himalyan Region, particularly those in Uttarakhand State for development/ collection of quality seeds of forest species, preparation of quality clones and livelihood issues.

5. The objectives of the Society are as follows :-

(1) To advice Uttarakhand Forest Department in deciding the strategies for conservation of rare, endangered and threatened species found in Himalayan Region.

(2) To assist Uttarakhand Forest Department in development of appropriate techniques for *in-situ* conservation and propagation of such rare, endangered and threatened species found in Himalayan Region.

(3) To undertake the assessment and impact of climate change in Himalayan Region and its biodiversity including migration pattern of species and their carbon sequestration potential.

(4) To undertake various socio-economic studies on livelihood issues of local community with development of medicinal & aromatic plants, fuel wood species, fodder species and various bamboo species in Himalayan Region including study of energy plantations.

(5) To assist the Uttarakhand Forest Department in development of most productive clones of agro forestry species and also explore new suitable agro forestry species for the region.

(6) To advice the Uttarakhand Forest Department regarding introduction of Himalayan species found in neighbouring Himalayan states / countries.

(7) To undertake scientific studies on management of natural resources and carrying capacity of forests.

(8) To maintain a reliable database of the forestry resources and related issues of Uttarakhand.

(9) To assist Uttarakhand Forest Department in propagation and implementation of successful experiments and nursery techniques.

(10) To assist Uttarakhand Forest Department in development of appropriate infrastructure for such research and development activities.

(11) To assist Uttarakhand Forest Department in preparation of inventory of sufficient capacity of high quality seeds of various species.

(12) To advice Uttarakhand Forest Department in adopting best research practices based on study of other states / countries.

(13) To raise resources for fulfillment of the objectives of the Society.

(14) To carry out any other activity to fulfill the above objectives.

(15) To undertake and provide for publication of research papers and journals for above objectives.

**6.** Names, addresses and occupations of the members of General Body, who have been entrusted to manage the affairs of the Society by the Rules of Society, are as follows :–

| S. No. | Designation/Address | Post | Occupation |
|---|---|---|---|
| 1. | Principal Secretary, Forest Department, Govt. of Uttarakhand | Chairman (Ex-Officio) | Govt. Service |
| 2. | Principal Chief Conservator of Forest (HoFF), Uttarakhand | Vice Chairman (Ex-Officio) | Govt. Service |
| 3. | Additional Principal Chief Conservator of Forest, Research, Training & Management, Uttarakhnad, Haldwani | Member (Ex-Officio) | Govt. Service |
| 4. | Principal Chief Conservator of Forest (Wildlife), Uttarakhand, Dehradun or his Representative | Member (Ex-Officio) | Govt. Service |
| 5. | Director, Forest Research Institute,Dehradun or his Representative | Member (Ex-Officio) | Govt. Service |
| 6. | Vice Chancellor, G B Pant Agriculture University, Pantnagar or his Representative | Member (Ex-Officio) | University Job |
| 7. | Chairperson, Uttarakhand Biodiversity Board, Dehradun or his Representative | Member (Ex-Officio) | Govt. Service |
| 8. | Director, G B Pant Institute of Himalayan Environment and Development, Almora or his Representative | Member (Ex-Officio) | University Job |
| 9. | Director, Uttarakhand Forest Training Academy, Haldwani | Member (Ex-Officio) | Govt. Service |
| 10. | Chief Conservator of Forests, Working Plan, Uttarakhand, Haldwani. | Member (Ex-Officio) | Govt. Service |
| 11. | Director, Wildlife Institute of India, Dehradun or his Representative | Member (Ex-Officio) | Govt. Service |
| 12. | Conservator, Research Circle, Haldwani | Secretary (Ex-Officio) | Govt. Service |
| 13. | Silviculturist, Hill Region, Nainital, | Member (Ex-Officio) | Govt. Service |
| 14. | Silviculturist, Sal, Haldwani | Member (Ex-Officio) | Govt. Service |

7. We, the several persons whose names and addresses are given below, having associated ourselves for the purpose described in this Memorandum of Association, hereby willing to constitute a Society under the Society Registration Act, 1860 (Act No. 21 of 1860).

| S.N. | Name | Occupation & Address | Signature of the Member | Signature of the Witness |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Vineet Kumar Pangtey | Additional PCCF Research, Training & Management Uttarakhand, Haldwani | APCCF, F.R.T.M Haldwani | (R.C. Kandpal) सहायक वन वर्धनिक माल क्षेत्र, उत्तराखण्ड हल्द्वानी |
| 2 | Sanjeev Chaturvedi | Conservetor of Forest Research Circle Uttarakhand, Haldwani | Conservator of Forests Research Circle Uttarakhand, Haldwani | (R.C. Kandpal) सहायक वन वर्धनिक माल क्षेत्र, उत्तराखण्ड हल्द्वानी |
| 3 | Jeewan Chandra Joshi | Silviculturist, Sal Region Uttarkhand, Haldwani | Silviculturist Sal Region Uttarakhand Haldwani | (R.C. Kandpal) सहायक वन वर्धनिक माल क्षेत्र, उत्तराखण्ड हल्द्वानी |

Date :

Place : Haldwani